# खाटू की जमी पे रखा हमने जो पहला कदम लिरिक्स

खाटू की जमी पे रखा,
हमने जो पहला कदम,
खुशियों की हुई शुरुआत,
दूर होने लगे अब गम।bd।

तर्ज – तेरे जैसा यार कहाँ।

---

खाटू की इस माटी को,
माथे पे जो लगाया,
खोया हुआ भरोसा,
वापस है लौट आया,
श्याम जैसा मीत मिला,
मुस्कुराने लगे अब हम,
खाटु की ज़मी पे रखा,
हमने जो पहला कदम।bd।

---

खाटू की इस धरती में,
कुछ तो है बात प्यारे,
हारे को जीत मिलती,
सच होते सपने सारे,
पीछे मुड़ के देखा ना कभी,
क्या थे क्या हो गए हैं हम,
खाटु की ज़मी पे रखा,
हमने जो पहला कदम।bd।

---

ना स्वर्ग ना ही बैकुंठ,
किसी लोक से है तुलना,
खाटू में जन्म लेना,
देवों का भी है सपना,
'मोहित' की यही ख्वाहिश,
खाटू जी में निकले दम,
खाटु की ज़मी पे रखा,
हमने जो पहला कदम।bd।

---

धन्यवाद उसी प्रेमी का,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हमको जो खाटू लाया,
उसके लिए भी मांगो,
जिसने श्याम से मिलाया,
किरपा बनाये रखना,
सबपे ही बाबा हर दिन,
खाटु की ज़मी पे रखा,
हमने जो पहला कदम।bd।

---

खाटू की जमी पे रखा,
हमने जो पहला कदम,
खुशियों की हुई शुरुआत,
दूर होने लगे अब गम।bd।

**Singer – Pravesh Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com